# झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर)
सिरखा टोली, नामकुम, राँची–834010 (झारखण्ड) http://www.jutranchi.ac.in

पत्रांक :JUT/VCS-05/2025/1358 /राँची, दिनांक : 07/11/2025

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा बी0आई0टी0 सिन्दरी, धनबाद में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक (NBAP) के रूप में कार्य करने को इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से विज्ञापन सं0 JUT/VCS-05/2025/02 दिनांक 26.09.2025 के माध्यम से शाखावार/विषयवार आवेदन पत्र की मांग की गई थी। साथ ही आवेदन पत्र के **Hard Copy** सभी संबधित **Supporting Documents** के साथ डाक दिनांक 25.10.2025 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

विश्वविद्यालय को प्राप्त आवेदन एवं उनके साथ संलग्न अभिलेख आदि की प्रारंभिक जाँच विश्वविद्यालय स्तर पर गठित जाँच समिति से करायी गई, जाँच समिति ने प्रतिवेदित किया है कि कई अभ्यर्थियों द्वारा अभी तक **Hard Copy** समर्पित नहीं किया है। इसके अलावे अभ्यर्थियों के आवेदन के साथ वांछित अभिलेख संलग्न नहीं है।

वैसे अभ्यर्थियों जिनके आवेदन में किसी प्रकार की कमी पाई गई है उनकी शाखावार/विषयवार सूची **Annexure – 1** एवं 2 विश्वविद्यालय के **Website** पर **Upload** कर दी गई है। संबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि सूची में उनके नाम के सामने अंकित कमी को ध्यान में रखते हुये वांछित अभिलेख को अनिवार्य रूप से दिनांक 17.11.2025 तक विश्वविद्यालय कार्यालय को हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट से उपलब्ध करावे, ताकि अगले चरण में उनके आवेदन पर विचार संभव हो सके।

किसी भी संशय की स्थिति में **Email ID- registrarjut@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/-
कुलसचिव (प्र0)
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
राँची।